हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 जून 2026

04 नपा उपाध्यक्ष पर शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट का...



07 नलों में से निकल रहा गटर का पानी बीमारियों ...



गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

आंधी-तूफान में पीपल का पेड़ गिरा, ट्रैक्टर और मकान क्षतिग्रस्त



नटेरन। क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान के दौरान ग्राम मूडरी में एक पीपल का पेड़ गिरने से किसान मोहन सिंह रघुवंशी का ट्रैक्टर और मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मोहन सिंह ने यह ट्रैक्टर करीब दो माह पूर्व ही खरीदा था। घटना की सूचना मिलने पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी ने प्रशासन को अवगत कराया। इसके बाद तहसीलदार आनंद जैन और पटवारी मौके पर पहुंचे तथा नुकसान का जायजा लिया। राजस्व अधिकारियों ने क्षति का आकलन कर सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने प्रभावित किसान को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ, नवाचारपूर्ण शिक्षण पर हुआ मंथन



कुरवाई। नवीन शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरवाई में आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उद्घाटन सत्र में विद्यालय के सचिव दिनेश शर्मा, प्राचार्य बलराम रघुवंशी एवं वरिष्ठ दीदी रागिनी शर्मा उपस्थित रहीं। समता का संचालन गीता श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र दांगी ने कराया। मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने हमारा लक्ष्य विषय पर संबोधित करते हुए संस्कारित एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों के निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्य बलराम रघुवंशी ने अभिभावक संपर्क विषय पर चर्चा करते हुए विद्यालय, छात्र और अभिभावकों के बीच सतत संवाद की आवश्यकता बताई। आईसीटी सत्र में चंद्रभान पंथी ने शिक्षकों को विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी एप्स की जानकारी दी। अभ्यास वर्ग में आचार्यों ने पाठ योजनाएं एवं टीएलएम तैयार कर उनका प्रदर्शन किया।

सिरोंज पॉलिटेक्निक ने बनाया 100% प्लेसमेंट का रिकॉर्ड

विदिशा। सिरोंज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ने वर्ष 2026 में सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की तीनों शाखाओं में 100% प्लेसमेंट हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्राचार्य भावना दांगी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को दिया। प्लेसमेंट अधिकारी रागिनी अरजरिया ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन सुब्रोस लिमिटेड, सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और कृष्णा मारुति लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है और नए सत्र में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह भी बढ़ा है।

बार-बार गुल हो रही बिजली से परेशानी

विदिशा। शनिवार को दिनभर बार बार बिजली गुल होती रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि हर रविवार को बिना सूचना के बिजली काट दी जाती है। जिससे जलआपूर्ति नहीं हो पाती तो कभी लोगों के जरुरी काम अटक जाते हैं। उपभोक्ताओं ने बिजली कंपनी से सूचना देने की मांग की है।

सीजन की पहली झमाझम बारिश



विदिशा। शनिवार दोपहर बाद सीजन की पहली झमाझम बारिश हुई। जिसने मौसम में ठंडक घोल दी है। कई बार रुक रुककर बारिश शाम तक होती रही। बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। लेकिन धूप निकलने पर उमस भरी गर्मी का भी लोगों को सामान करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो मानसून आने में अभी समय है, लेकिन उससे पहले बन रहे सिस्टम के कारण रुक रुककर बारिश हो रही है।

शिविर: मेडिकल कॉलेज में 3 दिवसीय कैंसर जांच व परामर्श शिविर का शुभारंभ

टाटा मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट स्थापित की जाएगी

शिवराज सिंह चौहान और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने किया कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का उद्घाटन

- कैंसर जांच शिविर में 1409 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन
- 468 लोगों में कैंसर पॉजीटिव पाया गया
- जांच के दौरान 131 मरीज कैंसर संभावित पाए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार को मेडिकल कॉलेज में कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ किया गया। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दूर दूर से आए मरीजों की जांच की। पहले दिन कुल 1409 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिनमें से 468 लोग कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित पाए गए। वहीं 131 लोगों में इस बीमारी के संभावित लक्षण मिले हैं। इसमें टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल मुंबई के 24 विशेषज्ञ डॉक्टर, भोपाल एम्स के 4 चिकित्सक और स्थानीय मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल के विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर रहे हैं।

शिविर में लगभग 4 हजार लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। यहां सर्वाइकल, ब्रेस्ट, गर्भाशय और मुख कैंसर सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त, महिला रोग, दंत रोग, हड्डी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में प्रभारी मंत्री लखन पटेल, रामपाल सिंह राजपूत, विधायक मुकेश टंडन, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, हरिसिंह सप्रे, सुरेंद्र पटवा, श्यामसुंदर शर्मा, राकेश जादौन, नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



उप मुख्यमंत्री बोले प्रदेश के 26 मेडिकल कॉलेजों में कैंसर उपचार सुविधाओं के विस्तार की योजना बनाई गई है।

विदिशा। कैंसर की जांच कराने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज मेडिकल कॉलेज पहुंचना शुरू हो गए थे।

अगस्त तक यूनिट शुरू करने का लक्ष्य

टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल के निदेशक ने कहा कि कैंसर के मरीज पहले से मौजूद हैं और उन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है। यदि विदिशा में ही विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं तो मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि विदिशा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को टाटा मेमोरियल तथा एम्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगस्त तक मेडिकल कॉलेज में कैंसर उपचार की एक विशेष यूनिट शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कैंसर का इलाज महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी इसकी रोकथाम और शुरुआती पहचान है। कई बार चिकित्सक शुरुआती लक्षण पहचान नहीं पाते, इसलिए मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और निजी क्षेत्र के डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अब मरीजों को मुंबई नहीं जाना पड़ेगा

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष हजारों लोगों की मौत कैंसर से होती है। महिलाओं में गर्भाशय कैंसर बढ़ रहा है। चौहान ने बताया कि भविष्य में टाटा मेमोरियल अस्पताल की एक इकाई विदिशा में स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मरीजों को इलाज के लिए मुंबई नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कैंसर मरीजों को योजनाओं से भले ही इलाज मिल जाए, लेकिन आने-जाने, रहने और भोजन का खर्च इलाज से अधिक हो जाता है।

उपचार सुविधाएं विकसित की जाएंगी

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में रेडिएशन और कैंसर उपचार सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पहले चरण में 2003 से पहले स्थापित कॉलेजों में व्यवस्था शुरू होगी, इसके बाद अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी कैंसर यूनिट स्थापित की जाएगी।

पांचवें दिन भी जारी रही एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 11 को स्वास्थ्य मंत्री के बंगले का घेराव करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। जिलेभर के लगभग 500 संविदा कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से उनकी विभिन्न मांगें लंबित हैं, लेकिन शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे संविदा कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कई बार मांगों को शासन के समक्ष रखा गया, लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसी कारण जिलेभर के कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन कर रहे हैं। हड़ताल के चलते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़ी कई स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सार्थक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने 11 जून को स्वास्थ्य मंत्री के बंगले का घेराव करने की चेतावनी भी दी है।

यह हैं संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

सीएचओ संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र किरार ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शासन के समक्ष 8 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी 2026 को दिए गए आश्वासन के अनुरूप नियमितीकरण का लाभ प्रदान करना प्रमुख है। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग की संविदा नीति-2023 के अनुसार एनपीएस और स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू करने, अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि देने तथा नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांग शामिल है। कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के वेतन में पीबीआई समायोजन, वेतन विसंगतियों का निराकरण, नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश एवं मेडिकल सुविधा तथा समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ देने की मांग भी उठाई है।



पवई स्टेशन पर तकनीकी कार्य के चलते पंजाब मेल सहित कई ट्रेनें प्रभावित, करना पड़ रहा लंबा इंतजार

ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य कर दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बीना-विदिशा रेलखंड पर शनिवार को लिए गए मेगा ब्लॉक के कारण कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ।

पवई रेलवे स्टेशन पर चल रहे तकनीकी और रखरखाव कार्यों के चलते मुंबई-गोरखपुर पंजाब मेल और बिलासपुर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मुंबई-गोरखपुर पंजाब मेल एक्सप्रेस को शनिवार सुबह करीब 10:45 बजे विदिशा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। मेगा ब्लॉक के कारण यह ट्रेन लगभग एक घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही। सुबह 11:45 बजे इसे बीना की ओर रवाना किया जा सका। इसी तरह, भोपाल से बीना की ओर जाने वाली बिलासपुर एक्सप्रेस भी इस ब्लॉक से प्रभावित हुई। विदिशा पहुंचने से पहले इसे सांची रेलवे स्टेशन पर रोका गया, जिसके परिणामस्वरूप यह करीब 35 मिनट की देरी से विदिशा स्टेशन पहुंची। ट्रेनों के निर्धारित समय से विलंब होने के कारण यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। कई यात्रियों को अपनी आगे की यात्रा और कनेक्टिंग ट्रेनों के समय को लेकर असुविधा का सामना करना पड़ा।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पवई स्टेशन पर आवश्यक तकनीकी और रखरखाव कार्यों के लिए यह मेगा ब्लॉक लिया गया था। ब्लॉक के दौरान इस रेलखंड से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन नियंत्रित गति से किया गया। ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन धीरे-धीरे सामान्य कर दिया गया।

स्वास्थ्य केंद्र में हो रहीं चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता नर्सिंग स्टाफ ने की सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही नर्सिंग स्टाफ ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर बीएमओ को आवेदन सौंपकर अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

छात्राओं का कहना है कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण उनके सामान की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।आवेदन में बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व एनआरसी वार्ड में भर्ती एक महिला मरीज का मोबाइल फोन चोरी हो गया था।

लगभग 10 दिन पहले एक नर्सिंग स्टाफ के बैग से करीब 5000 रुपये नकद चोरी हो गए। वहीं 6 जून को भी एक स्टाफ के पर्स से 500 रुपए चोरी होने की घटना सामने आई है। लगातार हो रही इन घटनाओं से अस्पताल के स्टाफ में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।नर्सिंग स्टॉप ने आवेदन में उल्लेख किया है कि अस्पताल परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके और दोषियों की पहचान हो सके।

छात्राओं ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की जांच और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के आश्वासन की अपेक्षा की जा रही है।

बीच सड़क पर गिरा पेड़, आधे घंटे यातायात रुका रहा, पूरनपुरा की सड़क बनी परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार दोपहर बाद हुई रुक-रुककर और तेज हवा के कारण एक्सीलेंस स्कूल पास एक पेड़ गिर गया। जिससे बिजली की केबलें टूट गईं और करीब आधा घंटे तक यातायात बाधित रहा। करंटे के डर के कारण कोई वाहन चालक नहीं निकल रहा था। नटेरन के ग्राम मूडरी में भी पीपल का विशाल वृक्ष ट्रेक्टर पर गिर गया। वहीं बारिश के कारण पूरनपुरा गली नंबर-5 में बारिश का पानी जमा होने लगा है। जिससे क्षेत्रवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। यहां की नालियां कीचड़ और मलबे से पूरी तरह भरी हुई हैं, जिसके कारण पानी सड़कों पर बहने लगा है। बायपास से जुड़ने के कारण अब यह क्षेत्र की प्रमुख मार्गों में शामिल हो गई है। और करीब चार कॉलोनियों के हजारों रहवासी रोजाना इसी रास्ते से आवागमन करते हैं।



डंगरवाड़ा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, विजेता टीम को दिए पुरस्कार

डंगरवाड़ा को हराकर भाटनी की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डंगरवाड़ा ग्राम पंचायत में आजाद क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार रात शानदार समापन हुआ।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डंगरवाड़ा और भाटनी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में डंगरवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भाटनी टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। 8 ओवर के मुकाबले में भाटनी ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 101 रन का लक्ष्य खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी डंगरवाड़ा की टीम निर्धारित 8 ओवर में 71 रन ही बना सकी और मुकाबला 30 रन से हार गई। इस जीत के साथ भाटनी की टीम ने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।समापन समारोह में विजेता टीम भाटनी को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता डंगरवाड़ा टीम को 11 हजार रुपए नकद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन और रोमांचक मुकाबलों को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला।



अहमदपुर चौराहे पर आज भक्ति का दरबार, गजेन्द्र प्रताप देंगे शिव भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अहमदपुर चौराहे पर आज रविवारको भक्ति और श्रद्धा का संगम देखने को मिलेगा। महाकाल डेवलपर्स के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध शिवभजन गायक गजेन्द्र प्रताप सिंह अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन समिति के सदस्य सुयश रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम में विदिशा शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भजन संध्या के दौरान भगवान महाकाल की विशेष आराधना की जाएगी तथा शिवभक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना है। धर्मप्रेमियों सेसपरिवार शामिल होने अपील की गई है।

बासौदा मंडी भाव

गेहूं
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4805
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3110
मटर
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3000
सरसों
न्यूनतम भाव-5560
उच्चतम भाव-7640
करंज
न्यूनतम भाव-4540
उच्चतम भाव-4540
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5800
मक्का
न्यूनतम भाव-1555
उच्चतम भाव-1555
उड़द
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव-7400
बटरी
न्यूनतम भाव-3699
उच्चतम भाव-3699
मसूर
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-9610
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4510
उच्चतम भाव-7400
धनिया
न्यूनतम भाव-10500
उच्चतम भाव-11500
मूंग
न्यूनतम भाव-5611
उच्चतम भाव-7090

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 5520 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

खबर संक्षेप

आज जल सप्लाई बिलंब से होगी



गंजबासौदा। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रेसनोट जारी कर बताया कि रविवार को 11 केव्ही वाटर वर्क्स फीडर पर सुबह 10 बजे से 13 बजे तक आवश्यक पोल शिफ्टिंग कार्य, मेंटेनेंस कार्य हेतु प्लान शटडाउन रहेगा। जिसके कारण उक्त फीडर से संयोजित समस्त उपभोक्ताओं का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। आवश्कता अनुसार समय बढ़ाया और घटाया जा सकता है। मेंटेनेंस कार्य के चलते शाम की जल सप्लाई विलंब से होगी। नगरपालिका ने नगरवासियों से पानी का स्टॉक बनाकर रखने की अपील की है।

शहर थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर थाना पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका को खोजकर परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पिता ने सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग 14 वर्षीय पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अपहर्ता बालिका की तलाश पतारसी के दौरान प्रकरण में आये भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के



आधार पर दिनांक 6.6.2026 को बालिका को ग्राम बागरी थाना कोतवाली विदिशा से दस्तायब करने में सफलता प्राप्त की तथा अपहर्ता के न्यायालय में कथन कराये गये एवं अपहर्ता को परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, अखिलेश राजावत, शिवप्रताप सिंह, शिवानी की विशेष भूमिका रही।

गत दिवस बैदनखेडी टपरियों पर स्मार्ट मीटर लगाने गए विद्युत कर्मियों से हुआ था विवाद

नपा उपाध्यक्ष पर शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट का प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गत दिवस वार्ड क्रमांक 8 स्थित बैदनखेडी टपरियों पर स्मार्ट मीटर लगाने गए विद्युत कंपनी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्ड के लोगों ने मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई थी। जिसकी शिकायत देर शाम थाने में दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस ने नपा उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद संदीप ठाकुर और उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों विद्युत कंपनी द्वारा नगर में जगह जगह स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसी के तहत गत दिवस वार्ड क्रमांक 8 में बैदनखेडी टपरियों पर विद्युत कंपनी के एई सनी वर्गीस के नेतृत्व में विद्युत कर्मियों का दल स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचा था। जहां पहले तो वहां के रहवासियों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया और बाद में वहां बैदनखेडी निवासी और वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद एवं नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर भी अपने साथियों के साथ पहुंच गए। जिसके बाद संदीप का विद्युत अधिकारी और कर्मचारियों के साथ विवाद हो गया। जिसके बाद विद्युत कंपनी के अधिकारी कर्मचारी अपनी शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंच गए। वहीं इस बात की जानकारी मिलते ही संदीप ठाकुर के साथ बैदनखेडी टपरियों के लोग भी थाने जा पहुंचे और विद्युत अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जबरन घरों में घुसने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने की शिकायत की। इस कारण थाने में देर शाम तक काफी भीड भाड और गहमा गहमी का माहौल बना रहा। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों के शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी थी। देर रात पुलिस ने विद्युत कंपनी के एई सनी वर्गीस की शिकायत पर आरोपी संदीप ठाकुर और उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 115 (बी), 132, 351 (3), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उक्त प्रकरण में एई सनी वर्गीस द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वे विद्युत कंपनी के जीएम अनूप सक्सैना के निर्देश पर शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे विद्युत कर्मचारी अभिषेक रैकवार, आदित्य रैकवार के साथ वार्ड नंबर 8 बेदनबेडी टपरिया में स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने के लिये गये थे। उक्त शासकीय कार्य के दौरान पार्षद संदीप ठाकुर व उसके साथी आये और मेरे साथ तथा कर्मचारियों के साथ गाली, गलौंज करते हुए कहने लगे कि वार्ड में स्मार्ट मीटर मत लगाओ। जब गालियां देने से मना किया गया तो उन्होंने लात घूसों से एई सनी वर्गीस, कर्मचारी अभिषेक रैकवार, आदित्य रैकवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें तीनों को चोटें आईं और अभिषेक रैकवार के दो मोबाइल एवं आदित्य रैकवार का एक मोबाइल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं स्मार्ट मीटर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस तरह संदीप ठाकुर और उसके साथियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई गई और धमकी दी गई कि अब वार्ड में स्मार्ट मीटर लगाने आए तो जान से खत्म कर देंगे। एई ने रिपोर्ट में लिखवाया है कि उन्होंने घटना की सूचना अपने कर्मचारी नरेन्द्र सिंह मोरेला और संतोष सुमन को भी दे दी थी।

इस मामले में सिटी थाना टीआई संजय बेदिया का कहना है कि एई सनी वर्गीस की शिकायत पर संदीप ठाकुर और उसके साथियों के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और अब नोटिस देने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी जांच की जा रही है।

यहां उल्लेखनीय है कि संदीप ठाकुर के खिलाफ पूर्व में भी एक अधिवक्ता के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें संदीप को दो वर्ष पूर्व न्यायालय से एक वर्ष की सजा सुनाई गई थी। जिसके बाद संदीप ने अपर न्यायालय में अपील की थी। जो निरस्त होने के बाद उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इस मामले में संदीप द्वारा हाईकोर्ट में दिए गए आवेदन के भी निरस्त होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

नपाध्यक्ष ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव का जन्मदिवस पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के संदेश के साथ मनाया गया। नपा कार्यालय में सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं पार्षदों ने नपाध्यक्ष को पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नपा परिसर में पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण को बचाने और संवारने का संदेश दिया। इस अवसर पर अंजली मनोज यादव, मनोज यादव, सरिता रघुवंशी, सरिता जैन सहित बडी संख्या में पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक मौजूद थे।

सूखे कूड़े से निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट को सुंदर गमले का आकार दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद के ऐसे वेस्ट जनरेटर जिन्होंने वेस्ट टू वंडर के तहत अपने घर में गीले कूड़े से होम कंपोस्टिंग कर उससे निकलने वाली खाद को अपने घर के गमले में पुनः उपयोग किया एवं सूखे कूड़े में निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट को सुंदर गमले का आकार देकर पुनः उपयोग किया। साथ ही वेस्ट को वंडर कैसे बना सकते हैं का मैसेज वार्डवासियों को देने वाले ऐसे लोगों को सम्मानित करने का प्रोग्राम रखा गया। जिन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुष्प माला से सम्मानित किया गया। यह प्रोग्राम नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन तथा सभापति स्वच्छता समिति नपा परिषद और फीडबैक फाउंडेशन टीम की मौजूदगी में आयोजित हुआ।

पारासरी नदी की साफ सफाई जारी



गंज बासौदा। पचमा बायपास मार्ग पर पारासरी नदी के पुल के पास बनाई गई विंगबाल के पास जेसीबी मशीन की सहायता से साफ सफाई की जा रही है। पहले जहां बड़ी मात्रा में नदी में काई, जलकुंभी और कचरा दिखाई दे रहा था। वहीं अब नदी साफ, सुधरी दिखाई देने लगी है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर के मध्य से बहने वाली पारासरी नदी का पिछले तीन सालों में नपा परिषद ने कायाकल्प कर दिया है। पहले यह नदी एकदम गंदगी से भरी थी, लेकिन नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नदी को संवारने का काम शुरू किया गया और उसका गहरीकरण, विंगवॉल निर्माण, भुजरिया घाट निर्माण आदि किया गया है। वहीं गत वर्ष नदी के उद्गम स्थल से उसका गहरीकरण एवं पौधरोपण कराया गया। अब प्रतिवर्ष नदी की साफ सफाई की जाती है। गतवर्ष भी पर्यावरण दिवस पर नदी की सफाई का अभियान शुरू किया गया है और यह अभियान अब जारी है।

तेज हवा के साथ हुई रह रहकर तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

इलाके में प्री मानसून की गतिविधियां अब तेज होती जा रही हैं। शनिवार को आसमान पर गहरी घटाएं छा गईं और दोपहर बाद से देर शाम तक तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ रह रहकर तेज बारिश होती रही।

यहां उल्लेखनीय है कि गत 4 जून को केरल में मानसून के दस्तक देने के साथ ही इलाके में भी मानसून पूर्व की मौसमी हलचल शुरू हो गई है। पिछले दो दिनों से दोपहर बाद आसमान पर बादल गहराने और तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर चल रहा था। जबकि शनिवार को सुबह से तेज धूप खिली रही और लोगों को उमस एवं गर्मी से परेशान होना पडा। वहीं दोपहर बाद आसमान पर गहरी काली घटाएं छाने लगीं। जिनसे अपरान्ह नगर एवं आसपास के क्षेत्र में तेज हवाओं



के साथ कुछ समय तक तेज बौछारें पडीं। जबकि शाम होते होते पूरा इलाका गहरी घटाओं से ढंक गया और तेज हवा एवं गरज चमक के साथ रह रहकर तेज बौछारें पडती रहीं। बौछारों का यह सिलसिला खबर लिखे जाने तक जारी रहा। इस बारिश से तापमान में गिरावट आ गई और लोगों को गर्मी एवं उमस से राहत मिल गई है। वहीं मूंग उत्पादक किसानों को बारिश से परेशानी हो रही है, क्योंकि अधिकांश क्षेत्र में इन दिनों मूंग की फसल पकी खडी है और किसान उसकी कटाई एवं गहाई की तैयारी में जुटे हुए हैं। बारिश से उनकी फसल खराब होने की संभावना है। जबकि शेष किसानों को बारिश से राहत मिल रही है और भरपूर राहत के लिए वे अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

किसान ने दिया भूमि को कब्जा मुक्त कराने का आवेदन

गंजबासौदा। जिला मुख्यालय से करीब 25 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम रसुलपुर दुपारिया निवासी एक किसान ने अपने साथ छल, कपट तथा विश्वास घात करके जमीन हडपने की शिकायत की है। उसने शिकायत में बताया है कि कुछ लोगों ने कागजों में जालसाजी करके राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराके फसल लाभ सहित शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं का अवैध तरीके से लाभ लिया है। पीडित सीताराम विश्वकर्मा ने पुलिस कमिश्नर भोपाल को दिए आवेदन में बताया कि उसके पिताजी द्वारा वर्ष 1984 में ग्राम रसुलपुर में विक्रेता हरीजी से संयुक्त खाता सं 119 सर्वे नं 435 की करीव 3.887 हे. में से 0.653 है भूमि वाकायदा रजिस्टर्ड बैनामा नावालिग पुत्र सीताराम विश्वकर्मा के नाम पर कराया गया था तथा कब्जा लेकर खेती की जाती थी । लेकिन पीडित के पिता की मृत्यु उपरांत उस जमीन पर विक्रेता के भतीजे मे कब्जा कर लिया तथा पीडित को गुमराह किया गया। इस बीच उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राजस्व न्यायालय के अधिकारियों से झूठ बोलकर उन्हें गुमराह करके विक्रत भूमि को राजस्व रिकार्ड में अपने नाम पर दर्ज करा लिया तथा तभी से फर्जी भूमिस्वामी वनकर समस्त लाभ ले रहा है। पीडित में बताया कि हाल ही में उसे उक्त भूमि खरीदने से संबधित रजिस्ट्री मिली है। जिसके आधार पर एसडीएम न्यायालय विदिशा में नामांतरण आवेदन विचाराधीन है। वहीं सीताराम ने कब्जाधारी पर अवैध तरीके से छल, कपट कर फर्जी कागजों से नामांतरण कराने, विक्रित भूमि पर अवैध कब्जा कर फसल लाभ लेने तथा शासन को गुमराह कर किसान कल्याणकारी योजनाओं का नाजायज लाभ लेने जैसे आपराधिक कृत्य करने का प्रकरण दर्ज की मांग करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने का निवेदन किया है।

कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

रासेयो इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. जीआर बंसल के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्पणा जायसवाल जिला संगठक डॉ. प्रवीण कुमार जगा के सहयोग से स्वयंसेवकों ने छात्रावास के आसपास की नालियों एवं महाविद्यालय परिसर की सफाई की। उन्होंने प्लास्टिक, कागज एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उनका उचित निस्तारण किया। स्वयंसेवकों ने गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने का संदेश भी दिया तथा स्वच्छता के महत्व पर छात्रों को जागरूक किया। रासेयो स्वयंसेवकों ने बताया कि नालियों में जमा कचरा मच्छरों एवं अन्य रोग फैलाने वाले जीवों के पनपने का कारण बनता है। इसलिए समय-समय पर सफाई करना आवश्यक है स्वयंसेवकों ने स्वच्छ परिसर, स्वस्थ जीवन और एक कदम स्वच्छता की ओर जैसे नारों के माध्यम से सभी को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता अभियान के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। यह अभियान महाविद्यालय एवं छात्रावास परिसर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करने में सफल रहा।

कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों के श्रमदान एवं सेवा भावना की सराहना की। यह गतिविधि रासेयो जिला संगठक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक भरत सक्सेना, विवेक जोशी सहित अन्य स्वयंसेवक के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

ईको क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ईको क्लब के तत्वावधान में नवांकुर, डॉल्फिन स्कूल द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 20 पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, वायु, भूमि तथा वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना है। इस अवसर पर 30 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान ईको क्लब प्रभारी संजीव कुशवाह, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहोरी, संदीप रावत, डॉल्फिन से संदीप जेटली, नीतू तनवानी सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

मेगा ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें प्रभावित हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शनिवार को बीना-विदिशा रेलखंड पर पबई में लगाए गए मेगा ब्लॉक के कारण कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। मेगा ब्लाक के चलते इस स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को आसपास के स्टेशनों पर खडा करवाया गया और फिर धीरे धीरे उन्हें गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इससे ट्रेनों का संचालन बिलंबित भी हुआ और यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पडा।

रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पवई रेलवे स्टेशन पर चल रहे तकनीकी और रखरखाव कार्यों के चलते मेगा ब्लाक लगाया गया था। जिससे मुंबई-गोरखपुर पंजाब मेल और बिलासपुर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुंबई-गोरखपुर पंजाब मेल एक्सप्रेस को शनिवार सुबह करीब 10:45 बजे विदिशा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। मेगा ब्लॉक के कारण यह ट्रेन लगभग एक घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही। सुबह 11:45 बजे इसे बीना की ओर रवाना किया जा सका।

इसी तरह, भोपाल से बीना की ओर जाने वाली बिलासपुर एक्सप्रेस भी इस ब्लॉक से प्रभावित हुई। विदिशा पहुंचने से पहले इसे सांची रेलवे स्टेशन पर रोका गया, जिसके परिणामस्वरूप यह करीब 35 मिनट की देरी से विदिशा स्टेशन पहुंची। ट्रेनों के निर्धारित समय से विलंब होने के कारण यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। कई यात्रियों को अपनी आगे की यात्रा और कनेक्टिंग ट्रेनों के समय को लेकर असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पवई स्टेशन पर आवश्यक तकनीकी और रखरखाव कार्यों के लिए यह मेगा ब्लॉक लिया गया था। ब्लॉक के दौरान इस रेलखंड से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन नियंत्रित गति से किया गया। ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन धीरे-धीरे सामान्य कर दिया गया।

खबर संक्षेप

अस्पताल में निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा का लाभ उठा रहीं गर्भवती महिलाएं

सिरोंज। शासकीय राजीव गांधी



चिकित्सालय में निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा प्रारंभ होने से अब शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो की गर्भवती महिलाओं लाभ मिल रहा। बीएमओ डॉ नीरज पंथी ने बताया कि डॉ नेहा जैन के सप्ताह में एक निश्चित दिवस सोनोग्राफी जांच हेतु निर्धारित किया गया है। ताकि मरीजों को व्यवस्थित रूप से सुविधा उपलब्ध हो सके। स्थानीय स्तर पर सोनोग्राफी सुविधा शुरू होने से मरीजों को अब अन्य शहरों में जाना नही पड रहा है। जिससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। वही उन्होने बताया कि सोनोग्राफी के लिए अस्पताल में प्रत्येक गुरूवार विदिषा से डॉ नेहा जैन द्वारा सोनोग्राफी की जा रही है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो से सोनोग्राफी कराने आने वाली गर्भवती महिलाओं को पहले से ही एक नम्बर दिया जाता है। विगत दिन पूर्व ईद का अवकाष होने व कुछ समस्या होने के कारण गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी नही हो पाई थी। लेकिन अब प्रत्येक गुरूवार सोनोग्राफी की जा रही है। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए बैठने के लिए भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा व्यवस्था की गई है ताकि कोई भी गर्भवती महिला नीचे फर्स पर न बैठे।

विशेष प्रकोष्ट समिति की बैठक 8 जून को

सागर। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में वर्णित प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप निगरानी, व्यवस्थाओं एवं क्रियान्वयन के लिये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत गठित विशेष प्रकोष्ठ समिति की बैठक कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में 8 जून को आयोजित की जाएगी।

गंदा पानी बॉटलों में भरकर नपा कार्यालय पहुंचे कांग्रेस नेता व आमजन

नलों में से निकल रहा गटर का पानी बीमारियों की चपेट में आ रहे वार्डवासी

नपा कार्यालय का किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के नयापुरा सहित अन्य वार्डो में नलों में से गंदा पानी आने से वार्डवासी गंदा पानी पीने के लिए मजबूर है। शनिवार को नलों में से आ रहा गटर के पानी को बॉटलो में भरकर कांग्रेस नेता व वार्डवासियो नगर पालिका कार्यालय पहुचें। वही जैसे ही वार्डवासी व कांग्रेस नेता गंदे पानी की षिकायत लेकर नपा कार्यालय पहुचें तो नपा कार्यालय में न तो कोई अधिकारी मिला और न ही कोई कर्मचारी। वही वार्डवासियो ने नपा कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और बॉटलो में भरकर लाए गए गंदे पानी से नगर पालिका का जलाभिषेक किया।

इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी ने कहा कि विगत माह पूर्व इंदौर में नलों में से आने वाले गटर के पानी से कई नागरिको की मृत्यु हुई थी। वर्तमान में सिरोंज में नगर पालिका द्वारा जो गटर का पानी नलों में सप्लाई किया जा रहा है उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पालिका सिरोंज भी इंदौर में हुई घटना को दोहराना चाह रहा है। नगर के कई वार्डो में गंदा पानी आने से नागरिक बीमारियो की चपेट में आ रहें है। नपा के अधिकारियो व कर्मचारियो से षिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नही हो पा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस ने नगर पालिका कार्यालय पहुचकर प्रदर्षन किया। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो आने वाले समय में नलों में से आने वाला गटर का पानी पीने से कई नागरिको की मृत्यु होना भी तय है।

नलों के माध्यम से नपा पहुंचा रही गटर का पानी व कीचड़

नपा द्वारा शहरवासियो को प्रतिदिन नलों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाती है। लेकिन विगत कुछ दिनो से शहर के कुछ वार्डो में नपा द्वारा पानी की जगह घरो में कीचड व गटर का पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिसे पानी से वार्डवासी अनेको बीमारियो का षिकार हो रहें है। इतना ही नही नलो में से आ रहे गंदे पानी की षिकायत करने के बाद भी नपा के जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहें है।

नपा को मिला पाइप लाइन का बहाना

नगर के नयापुरा वार्ड में घरो में गंदा पानी आने के षिकायत लेकर जब नागरिक नपा कार्यालय पहुचें तो नगर पालिका द्वारा नागरिको से यह कह दिया कि आपके वार्ड में नई पाइप लाइन डाली जा रही है। जो कही से फूट गई होगी जिस कारण नलों में से गंदा पानी आ रहा है। उक्त पाइप लाइन को जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। वार्डवासियो का यह कहना है कि गंदे पानी की यह समस्या शहर के एक वार्ड की नही है यदि शहर के अन्य वार्डो की बात की जाए तो पाइप लाइन कार्य के चलते यह समस्या शहर के हर कोने में देखी जा रही है।



इनका कहना है

गंदा व गटर का पानी यदि कोई आम नागरिक पीते है तो उसे फूड पॉइजनिंग,बुखार,इंफेक्षन,दस्त आदि की समस्या हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति पूर्व से बीमार है और वह इस तरह का गंदा पानी पीता है तो उक्त व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।

डॉ नीरज पंथी, बीएमओ, शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज।

नगर के भवानी नगर,नयापुरा क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन का कार्य चल रहा है। वहा की टेस्टिंग हुई थी इस दौरान पाइप लाइन में कचरा पहुच जाने से नलो में गंदा पानी आ गया होगा। जिसकी सूचना मिलते ही पानी की पाइप लाइन को बंद कर दिया गया है और पाइप लाइन का मरम्मत का कार्य जारी है।

राम प्रकाश साहू
सीएमओ
नगर पालिका परिषद सिरोंज।

पॉलिटेक्निक कॉलेज का इतिहास

सिरोंज की 3 इंजीनियरिंग ब्रांचों में 100% प्लेसमेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ने वर्ष 2026 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की तीनों शाखाओं में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड बनाया है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने न केवल महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि क्षेत्र के तकनीकी शिक्षा संस्थानों के लिए भी एक नया मानक स्थापित किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य भावना दांगी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान के रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक वातावरण के कारण यह सफलता संभव हो सकी है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना भी है। प्लेसमेंट अधिकारी रागिनी अरजरिया ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा आयोजित ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुब्रोस लिमिटेड में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन शाखा से छोटू नायक एवं ऋतिक कुशवाह तथा सिविल शाखा से हुकुम सिंह कुशवाह एवं मनोज कुशवाह का चयन हुआ। इसी प्रकार सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन शाखा के लखन सिंह, सोनम अहिरवार एवं उर्मिला कुशवाह का चयन किया गया। वहीं कृष्णा मारुति लिमिटेड में मनोज कुशवाह, हुकुम सिंह एवं निखिल बैरागी को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया है।

संस्थान का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से बेहतर समन्वय के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। नया सत्र, नए अवसर 100 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड के बाद सिरोंज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ा है। नए शैक्षणिक सत्र के लिए पंजीयन प्रक्रिया 4 मई से प्रारंभ हो चुके है। प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए इच्छुक विद्यार्थी संपर्क कर सकते हैं। महाविद्यालय की यह सफलता तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है, जो यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पित प्रयासों से ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में अपना स्थान बना सकते हैं।

किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



क्षेत्र के किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने तथा खाद वितरण में लागू टोकन व्यवस्था की अव्यवस्थाओं के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेष यादव के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। टोकन व्यवस्था भी पूरी तरह से विफल साबित हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेष यादव ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए तथा वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं बनाई जाती तो जल्द ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ तहसील प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठूंगा। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी, देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, गगनेन्द्र रघुवंषी, अंसार खान, डॉ सुब्हान गौरी, अषोक यादव, अवध शर्मा, विनोद सेन, गजेन्द्र यादव, अरविंद नगीना सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे व लोकेंद्र पाराशर का सागर आगमन

सागर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे तथा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर 7 जून को दो दिवसीय प्रवास पर सागर पहुंचेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों वरिष्ठ नेता प्रवास के दौरान आयोजित कोर कमेटी बैठक एवं जिला स्तरीय मासिक बैठक में सहभागिता करेंगे तथा संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। जिला स्तरीय बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष व प्रकोष्ठ जिला संयोजक व आपेक्षित पदाधिकारी कार्यकर्त्ता शामिल होंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर युवाओं ने लिया हरित भविष्य का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत विदिशा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता एवं जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सतत विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विदिशा की उप निदेशक आकांक्षा महावरिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला और युवाओं से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं शासकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य केएन शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अधिकाधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नेशन फर्स्ट चैलेंज की जानकारी दी गई तथा राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. नीतू डांगी ने सतत विकास एवं युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान देते हुए पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

आईटीआई विदिशा की प्राचार्य कविता रघुवंशी ने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन हरे राम यादव ने किया।

विदाई समारोह

शासकीय सेवा से प्राचार्य विजय पचौरी सेवानिवृत्त हुए

रहली। स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य विजय पचौरी की शासकीय सेवा अवधि ३१ मई को पूर्ण होने पर शिक्षा विभाग द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सांदीपनी स्कूल के सभागार (हॉल) में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक भार्गव ने प्राचार्य विजय पचौरी के दीर्घकालीन और बेदाग सेवाकाल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पचौरी जी का योगदान अनुकरणीय रहा है।

उन्होंने अपनी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से विभाग और छात्र-छात्राओं के बीच एक अमिट छाप छोड़ी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने प्राचार्य पचौरी जी से जुड़े अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा किए। उन्होंने भावुक होते हुए कहाः कृषि स्कूल में अध्यापन के दौरान पचौरी सर द्वारा हम सभी मित्रों को पढ़ाया गया था। उनसे मिले उच्च कोटि के संस्कार और उत्कृष्ट शिक्षा का ही यह परिणाम है।

महापौर ने पार्षदों व अधिकारियों के साथ मसवासी ग्रंट स्थित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम सागर द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर संगीता सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ मसवासी ग्रंट स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कचरा प्रसंस्करण संयंत्र निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संयंत्र में कचरे के संग्रहण, पृथक्कीकरण एवं प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा कचरे से जैविक खाद तैयार करने की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान महापौर तिवारी ने संयंत्र में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए स्वच्छता प्रबंधन में तकनीकी नवाचारों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन किसी भी शहर की स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है तथा कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के पुनः उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।रेमकी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित दुबे ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ियों द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न वार्डों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित कर मसवासी ग्रंट स्थित संयंत्र तक पहुंचाया जाता है।

यहां कचरे का पृथक्कीकरण कर जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट को अलग किया जाता है। जैविक कचरे से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार की जाती है, जबकि अन्य अपशिष्ट पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जाता है। महापौर ने उपस्थित पार्षदों एवं अधिकारियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण एवं स्वच्छ शहर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नागरिकों को भी घर स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण करने के लिए प्रेरित करें। जनसहभागिता से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है। इसमें एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल, धर्मेंद्र खटीक, संगीता शैलेष जैन, पार्षद नीरज गोलू कोरी, भरत अहिरवार, विशाल खटीक, रानी अहिरवार, प्रदेश भाजपा पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, प्लांट हेड आकाश तिवारी, ऑपरेशन इंचार्ज फिरोज खान, सीनियर एक्जीक्यूटिव राशिद खान, भगवानदास सेन, आशुतोष नायक, सहायक यंत्री राहुल उईके, अक्षय कुमार, निगम सचिव मुन्नालाल रैकवार यशवंत कोष्टी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला प्रदेश अध्यक्ष सेवादल ने ली बैठक संगठन विस्तार को लेकर की चर्चा

सागर। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकेरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हेमकुमारी कुमारी के सागर संभागीय दौरे के अंतर्गत सागर आगमन पर प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन तीनबत्ती सागर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनहित के मुद्दों तथा कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा गयी। तत्पश्चात प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं एवं आमजन से भेंट-मुलाकात की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकेरिया ने बताया कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके।

यह लैंगिक समानता और एक प्रगतिशील समाज के निर्माण का मूल आधार है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमकुमारी ने कहा कि निर्णय लेने वाली संस्थाओं जैसे—पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है।यह कांग्रेस का अब मुख्य उद्देश्य है। जिला शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे बताया कि यह बडा हर्ष का विषय है कि पांच वर्ष बाद शहर में सेवादल की महिला प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ और हमे उन्हे अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बैठक में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, राकेश राय, द्वारका चौधरी, रमाकांत यादव, हरिश्चंद्र सोनवार, किरणलता सोनी, रजिया खान आदि ने उद्बोदन दिया। बैठक का संचालन विजय साहू और आभार आनंद हैला ने ज्ञापित किया। बैठक मे वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप गुप्ता, किरणलता सोनी, शरद पुरोहित, पार्षद सुरेखा राय, रोशनी खान, नीलोफर अंसारी, रेखा सोनी, शशि राय, अर्चना कन्नोजिया, मीना पवन पटेल, गीता कुश्वाहा, गीता अहिरवार, मीरा अहिरवार, लक्ष्मी अहिरवार, रेखा अहिरवार, रीना अहिरवार, आरती, मालती, गीता लारिया, संतोष रानी, सीमा अहिरवार, आरती अहिरवार, हर्षिता, रानी, आरती, ऊषा, सपना, अनुष्का, लक्ष्मी वंसल, उर्मिला अहिरवार, ज्योति भलैया, मीरा अहिरवार, वसीम खान, कल्लू पटेल, नितिन पचौरी, आनंद हेला, रवि शंकर, परख शुक्ला, अजय लारिया, धर्मेंद्र रैकवार, प्रशांत सोनी, मुमताज बेगम, पवन पटेल, महेश अहिरवार, रविशंकर प्रजापति,र ाहुल खटीक आदि जन उपस्थित रहे।

पूरक आहार बच्चों के समुचित विकास की आधारशिला : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पूरक आहार दिवस के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा शाखा एवं शिशु विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास में पूरक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ. एमके जैन ने कहा कि शिशु के छह माह की आयु पूर्ण होने के बाद केवल स्तनपान पर्याप्त नहीं होता। बच्चे के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास तथा कुपोषण की रोकथाम के लिए स्तनपान के साथ घर का बना शुद्ध एवं पौष्टिक पूरक आहार शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूरक आहार दिवस की थीम "कॉम्प्लिमेंट्री फीडिंग बच्चों में ग्रोथ, ब्रेन डेवलपमेंट और बेहतर भविष्य को बढ़ावा देती है रखी गई है। कार्यक्रम में बताया गया कि आईएपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीलम मोहन तथा उनकी टीम द्वारा पूरक आहार अभियान के लिए विशेष जागरूकता सामग्री तैयार की गई है। आईएपी शाखा उपाध्यक्ष एवं शिशु विभाग प्रभारी डॉ. शरद गेडाम ने कहा कि छह माह से दो वर्ष तक की आयु बच्चों के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पूरे जून माह में जागरूकता गतिविधियां संचालित कर अभिभावकों को पूरक आहार संबंधी जानकारी दी जाएगी। आईएपी विदिशा के सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि जीवन के पहले दो वर्षों में उचित पूरक आहार बच्चों की वृद्धि, रोग प्रतिरोधक क्षमता, सीखने की क्षमता और दीर्घकालिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। वहीं कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक उइके ने अभिभावकों को बाजार के डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के बजाय दाल, चावल, खिचड़ी, दलिया, सब्जियां और मौसमी फलों जैसे घरेलू भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

इस अवसर पर शिशु विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. कौस्तुभ पांडे के नेतृत्व में पीजी चिकित्सकों ने पूरक आहार के महत्व पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ, बच्चों के परिजन, जूनियर एवं सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों सहित बड़ी संख्या में आईएपी सदस्य उपस्थित रहे।

एकीकृत खेती व मृदा परीक्षण से बदली तकदीर किसान मदन ठाकुर की आय तीन गुना बढ़ी

वैज्ञानिक खेती, और विभागीय योजनाओं के समन्वय से बने प्रेरणास्रोत किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई विकासखंड के ग्राम दांगी कुम्हारियां निवासी प्रगतिशील किसान मदन ठाकुर ने आधुनिक कृषि तकनीकों, मृदा परीक्षण और एकीकृत खेती को अपनाकर खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल दिया है। लगभग 10 हेक्टेयर सिंचित भूमि पर खेती करने वाले बी.कॉम स्नातक मदन ठाकुर आज क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। मदन ठाकुर बताते हैं कि पहले वे अनुमान के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करते थे, जिससे लागत अधिक और उत्पादन अपेक्षाकृत कम मिलता था।

कृषि विभाग के मार्गदर्शन में मृदा परीक्षण कराने के बाद उन्होंने भूमि की आवश्यकतानुसार उर्वरकों का उपयोग शुरू किया। इसका परिणाम यह रहा कि उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत वृद्धि हुई और गेहूं की पैदावार 8 क्विंटल प्रति बीघा से बढ़कर 15 क्विंटल प्रति बीघा तक पहुंच गई। उन्होंने पारंपरिक खेती के साथ पशुपालन, उद्यानिकी और प्राकृतिक खेती को भी अपनाया है। जीवामृत, घनजीवामृत तथा जैविक कीटनाशकों का निर्माण स्वयं कर वे खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढ़ा रहे हैं। एकीकृत खेती मॉडल से उन्हें वर्षभर आय प्राप्त हो रही है और खेती का जोखिम भी कम हुआ है।

वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के कारण उनकी वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां उन्हें फसल उत्पादन से लगभग 8 लाख रुपये का लाभ मिलता था, वहीं अब यह बढ़कर करीब 25 लाख रुपए प्रतिवर्ष हो गया है।

खरीफ सीजन से पहले किसानों की बढ़ी चिंता, बढ़े हुए दाम से बढ़ेगी लागत

अब किसानों पर महंगाई का साया, पोटाश 1975 और एनपीके 2458 रुपए प्रति बोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों के सामने इस बार खाद की बढ़ती कीमतों ने नई परेशानी खड़ी कर दी है। डीजल, बीज और मजदूरी की बढ़ती लागत के बीच अब पोटाश और एनपीके खाद के दाम बढ़ने से खेती का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। किसानों का कहना है कि फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए इन खादों का उपयोग जरूरी है। लेकिन उर्वरकों की लगातार बढ़ती कीमतों ने खेती को और महंगा बना दिया है।

जानकारी के अनुसार बाजार में पोटाश की एक बोरी 1975 रुपए और एनपीके खाद की एक बोरी 2458 रुपए तक पहुंच गई है। ऐसे में जिन किसानों को अपनी फसलों के लिए 10-10 बोरी खाद की आवश्यकता होती है। उन पर पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5 हजार रुपए तक का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

कृषि विशेषज्ञ डॉ स्वनिल दुबे के अनुसार खरीफ सीजन में सोयाबीन, मक्का और धान जैसी फसलों के लिए संतुलित पोषण आवश्यक होता है। इसके लिए किसान यूरिया के साथ पोटाश और एनपीके खाद का भी उपयोग करते हैं। कीमतों में वृद्धि का सीधा असर खेती की लागत पर पड़ता है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण बन रही है। क्योंकि उनकी आय सीमित होती है और खेती का अधिकांश खर्च उधार या कृषि ऋण के सहारे पूरा किया जाता है।

किसानों वीर सिंह लोधी रमेश लोधी हरीनगर रतिराम यादव, काशीराम यादव अमरावद मुकेश धाकड़ का कहना है कि खेती पहले ही घाटे का सौदा बनती जा रही है। मौसम की अनिश्चितता, फसलों के उचित दाम नहीं मिलना और उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि ने उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर कर दी है। अब खाद के दाम बढ़ने से खरीफ की बुवाई से पहले ही चिंता बढ़ गई है। कई किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो उन्हें खाद की मात्रा कम करनी पड़ सकती है, जिसका असर उत्पादन पर पड़ सकता है।

खरीफ फसलों में पोटाश और एनपीके की मांग सबसे अधिक

कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि सरकार को किसानों को राहत देने के लिए खाद पर अतिरिक्त सब्सिडी या विशेष सहायता योजना पर विचार करना चाहिए। खरीफ सीजन शुरू होने से पहले खाद की कीमतों में बढ़ोतरी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि आने वाले दिनों में खाद की उपलब्धता और कीमतों को लेकर सरकार क्या कदम उठाती है।

किसानों की बढ़ी चिंता....

खरीफ फसलों की तैयारी के दौरान किसानों को खाद और बीज की व्यवस्था करनी पड़ती है।एनपीके और पोटाश के दाम बढ़ने से खेती की लागत में वृद्धि होगी। एक अनुमान के अनुसार 10–12 बोरी एनपीके और पोटाश उपयोग करने वाले किसान पर लगभग 5 हजार तक अतिरिक्त भार पड़ सकता है।

राहत की बात.... यूरिया की उपलब्धता पर्याप्त बताई गई है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में डीएपी की उपलब्धता को लेकर समस्या बताई गई है।

किसान नेताओं का कहना है कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण उर्वरकों में आंशिक बढ़ोतरी हुई है। वहीं अन्य किसान प्रतिनिधियों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण किसान आर्थिक दबाव में हैं।

रासायनिक उर्वरकों की नई दरें लागू होने से किसानों की बढ़ गई लागत

उर्वरक का नाम	पहले	अब	बढ़ोतरी
एनपीके 12-32-16 -	1900	2450	₹550
एनपीके 16-16-16 -	1725	2050	₹325
एनपीके 24-24-24	1900	2300	₹400
एनपीके 19-19-19	1600	2400	₹800
पोटाश	1800	1975	₹175

नोट : उक्त आंकड़े जिला विपणन विभाग, रायसेन के बताए अनुसार

इनका कहना है

उर्वरक के दाम बढ़ने से किसान परेशान हैं। रबी सीजन की उपज में भी किसानों को सही दाम नहीं मिले। बल्कि स्लॉट बुकिंग होने के बाद भी उपार्जन केंद्रों पर उपज गेहूं की तुलाई के लिए आखिरी तारीख तक भटकते रहे। अब खाद के बढ़े हुए दामों ने किसानों को संकट में डाल दिया है।

- **रंजीत यादव,** जिलाध्यक्ष, किसान जागृति संगठन।

प्री-मानसून की तेज आंधी के साथ हुई बारिश बदला मौसम

बारिश से तापमान में गिरावट, मूंग पर संकट



तेज आंधी से गिरे पेड़ बाइक स्कूटी क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शनिवार को सुबह से तेज धूप गर्मी से लोग परेशान थे दोपहर बाद अचानक आसमान में घने काले बादल छा जाने के साथ तेज आंधी शुरू हो गई। तेज आंधी हवाओं के साथ बादल की गर्जना का भयंकर रूप परेशानियों का कारण बना रहा।

प्री-मानसून की पहली जोरदार बारिश हवा में ठंडक और तापमान में गिरावट आ जाने से नगर एवं क्षेत्र के निवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई। तेज आंधी के कारण अनेक स्थानों पर वृक्ष उखड़ गए।

नर्मदा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती किसानों द्वारा की जा रही है। क्षेत्र में कहीं-कहीं मूंग की कटाई और थेसिंग शुरू हो गई है। किसानों द्वारा मानसून की बारिश से पूर्व मूंग कटाई कर दाना सुरक्षित रखने के प्रयासों में हरी भरी मूंग के पौधों और फली सूखाने के लिए सफाया नामक दवा डालकर फसल को सुखाया भी जा रहा है। जिन किसानों की मूंग फसल हरी और कटाई मैं विलंब है उन फसलों में हुई बारिश को लाभप्रद माना जा रहा है। जोरदार बारिश के बाद भी आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहने से बारिश की संभावना बनी हुई है।


उखड़े पेड़ के नीचे दबी बाइक

तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश की डरावने माहौल में जो जहां था वही थम कर रह गया। पिपरिया रोड पर नायरा पेट्रोल पंप के पास बबुल का वृक्ष सडक़ पर गिर जाने से यातायात प्रभावित बना रहा। पिपरिया रोड पर भी एक वृक्ष के नीचे बाइक खड़ी कर आंधी बारिश थमने का इंतजार कर रहे लोग तो बच गए, परंतु उनकी तीन बाइक विशाल वृक्ष उखड़कर गिर जाने से क्षतिग्रस्त हो गई। अन्य स्थानों पर आंधी से टीन सेट, कवेलू और वृक्ष, वृक्षों की शाखाएं उखडने टूटने की स्थिति बनी रही।

मौसम वैज्ञानिक डॉ तोमर बोले- तीन दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

आसमान में छाए बादलों ने मौसम में घोली ठंडक, तापमान भी लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



नौतपा समाप्त होने के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। रोजाना आसमान में बादलों की आवाजाही के कारण दिन के तापमान में गिरावट दर्ज होने से सुबह शाम ठंडक हो जाती है, जिससे तेज धूप से कुछ राहत मिली है। हालांकि नमी बढ़ने से अब उमस ने परेशानी बढ़ा दी है।

शनिवार दोपहर को बारिश के बाद दिन का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि एक दिन पहले यह 39 डिग्री सेल्सियस था। वहीं न्यूनतम तापमान भी घटकर 25.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में कमी दर्ज की है। दिनभर बादल छाए रहने से धूप का असर कम रहा। लेकिन वातावरण में नमी बढ़ने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। सुबह की आर्द्रता 44 प्रतिशत और शाम की आर्द्रता 38 प्रतिशत दर्ज की गई। इस दौरान पश्चिम दिशा से 6 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले तीन दिनों तक मौसम का यही रुख बना रह सकता है। आसमान में बादल छाए रहने और तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ होने पर अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

शादी का झांसा देकर युवती से उसी के घर में बार बार बनाता रहा शरीरिक संबंध, पीड़िता ने की शिकायत

पुलिस ने आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

क्षेत्र के नजदीकी गांव में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक शोषण और दुष्कर्म करने का गंभीर मामला सामने आया है। युवती के साथ उसके रिश्तेदार आसिफ ने कई बार शरीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आसिफ ने इंकार कर दिया।

पीड़िता शबनम (परिवर्तित नाम) ने सलामतपुर थाने पहुंचकर पूरा मामला बताते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

शादी का वादा कर किया शोषण

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी आसिफ पिता हफीज (28) निवासी ग्राम नरखेड़ा जिला मुंगावली उसे शादी का झांसा देते हुए लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी करने की बात कही, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती बताई और थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

शादी से मुकरा आसिफ तो पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

सलामतपुर थाने के बांसखेड़ा गांव का मामला आरोपी को किया गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल



1 हफ्ते बाद थी आरोपी की शादी, छप गए थे शादी के कार्ड

आरोपी आसिफ की मंगनी 27 मई को हो गई थी और उसकी शादी एक हफ्ते बाद 14 जून को होना तय थी। जैसे ही आसिफ की शादी की भनक पीड़िता को लगी तो उसने लड़की वालों की जानकारी उठाकर उनको आसिफ से अपने संबंधों के बारे में बता दिया। यह जानकारी मिलते ही लड़की वालों ने आसिफ से हो रही शादी तोड़ दी।

11 भाई बहनों में आठवें नम्बर की बहन है पीड़िता

थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पीड़िता के पिता ने दो शादियां की है। जिनसे उनकी 11 संताने हैं। पीड़िता आठवें नंबर की बेटी है। बताया जा रहा है कि आरोपी आसिफ पीड़िता का रिश्तेदार है और उसका गांव में आना जाना लगा रहता था। इसी दौरान दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया और कई बार आसिफ ने युवती के साथ संबंध बनाए और जब शादी की बात आई तो शादी से मुकर कर दूसरी जगह शादी करने लगा।

इनका कहना है

युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

- **दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

भाजपा मंडल की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



सलामतपुर भाजपा मंडल की मासिक बैठक का आयोजन शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मंत्री जिला प्रभारी संगठन मंत्री राजो मालवीय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सलामतपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में आम, जामुन, कदम, आंवला आदि के छायादार एवं फलदार पौधों को लगाकर पर्यवारण की सजगता के साथ देखभाल व संतुलन बनाए रखने, पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजो मालवीय द्वारा भारत माता एवं पार्टी के आधार स्तंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया।

तेज आंधी बारिश के साथ टूटे तार, बिजली गुल हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



शनिवार को दोपहर 3 बजे मौसम बदलने के साथ जोरदार आंधी शुरू हो गई। तेज आंधी शुरू होते ही क्षेत्र की बिजली भी गायब हो गई। तेज आंधी से अनेक स्थानों पर वृक्षों के साथ बिजली के खंभे गिरने तार टूटने की खबर बनी हुई है।

लगातार बिजली गायब : दोपहर 3 से बिजली न रहने और बदले मौसम के कारण घरों में रहने वाली महिलाएं बच्चे हैरान परेशान बने रहे। जिनके घरों में इनवेर्टर है उनके यहां घरों में रोशनी बनी रही परंतु नगर के हजारों परिवार जिनके घरों में इनवेर्टर या सोलर बिजली नहीं है। अंधकार के साथ भारी उमस में बना रहना परेशानियों का कारण बना रहा।

घंटो लगातार बिजली न रहने से शाम का अंधेरा होते ही सडक़ों बाजारों में अंधकार की स्थिति बनी रही। तेज आंधी से पूरा टीन सेड उखड कर मुख्य मार्ग पर आगया जिस्से याता यात बाधित बना रहा।

गांवों में वेल शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत समर कैंप आयोजित

समर कैंप में बच्चे सीख रहे रचनात्मक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में वेल शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन क्रियांवयन संस्था निवसीड बचपन द्वारा भोपाल एवं रायसेन ब्लॉक के 15 गांवों में मई एवं जून के दौरान समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करते हुए उनकी रचनात्मक, बौद्धिक एवं सामाजिक क्षमताओं का विकास करना है।

परियोजना समन्वयक रिंकू दुबे द्वारा बताया कि समर कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें पेंटिंग, क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, डांस, नाटक, गीत, कहानी, कविता, एक्शन गीत, योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। साथ ही बच्चों को मार्शल आर्ट्स, अनुशासन एवं मूल्य शिक्षा तथा पेपर मैसी एवं पेपर बैग निर्माण जैसे कौशल प्रशिक्षण भी दिए जा रहे हैं।

खेल खेल में शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत "स्मार्ट लर्निंग जोंस", जिनमें इंग्लिश फन लैब, कहानी एवं शब्द भंडार खेल, बोलने का अभ्यास, पठन एवं वाक्य निर्माण जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की भाषा दक्षता को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं "मैथ्स मैजिक" से पहेलियों, संख्या खेल एवं ब्रेन चैलेंजेस द्वारा बच्चों में तार्किक सोच एवं समस्या समाधान क्षमता विकसित की जा रही है। इसके अतिरिक्त "साइंस फन स्टेशन" के माध्यम से बच्चों में जिज्ञासा, खोज एवं वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित किया जा रहा है। टीम गेम्स एवं ग्रुप एक्टिविटीज द्वारा मित्रता, आत्मविश्वास एवं टीमवर्क की भावना विकसित की जा रही है। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऐसा मंच प्रदान करना है जहाँ वे सीखें भी, खेलें भी और आगे बढ़ें भी कार्यक्रम का संदेश है।

समर कैंप में वेलस्पन फाउंडेशन से आसिफ पठान सीएसआर गुजरात, हरेंद्र सिकरवार जीसी एसआर मैनेजर जमुनिया द्वारा विजिट कर बच्चों के रचनात्मक कौशल, खेल खेल में शिक्षा गतिविधि में भागीदारी की गई। बच्चों को जीवन कौशल को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। यह समर कैंप बच्चों के लिए एक ऐसा यादगार अनुभव बन रहा है जो उनके भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

कैंप को सफल बनाने को लेकर फील्ड कॉर्डिनेटर ओमप्रकाश रायकवार, शिवम शर्मा, अंजू चौहान शिक्षा साथी रोशनी यादव, नेहा मेहरा, कशिश मेहरा, पूजा कुशवाहा, मुस्कान खान, प्रियंका शाक्य, फूलवती लोधी, आरती अहिरवार, राधा लोधी, विनीता लोधी, अंजू पाल, खुशी ठाकुर, कौशल्या जी का विशेष सहयोग रहा।

भागवत कथा में दिया 'ईश्वर' की निस्वार्थ भक्ति सदकर्म का संदेश

नरसिंह टेकरी श्रीहनुमान मंदिर में चल रही कथा का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में महामंडलेश्वर पूज्य संत विष्णु दत्त ब्रह्मचारी ने कथा के दौरान प्रमुख प्रसंगों का विस्तार से वर्णन कर ईश्वर की निस्वार्थ भक्ति जीवन में सत्कर्मों के मार्गों पर चलने का संदेश दिया। 7 जून को कथा का समापन होगा।

नगर के मालवीय एवं वर्मा परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नरसिंह टेकरी मंदिर पर किया जा रहा है। कथा व्यास पूज्य ब्रह्मचारी जी ने श्री कृष्ण के जन्म उनकी बाल लीलाओं के साथ अन्य प्रमुख कथा प्रसंगों के द्वारा ईश्वर भक्ति की महिमा मिलने वाले पुण्य लाभ जीव के कल्याण और भक्ति मार्ग पर चलने विभिन्न प्रसंगों को माध्यम बनाया। ब्रह्मचारी जी ने भक्तिमयी जीवन को जरूरी बताया जिससे आत्म कल्याण और सुख शांति का माहौल रहे प्रतिदिन कथा सुनते श्रद्धालु नर नारियों की उपस्थिति हो रही है।

भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को महा आरती के साथ समापन होगा सोमवार 8 जून को मालवीय एवं वर्मा परिवार द्वारा नरसिंह टेकरी मंदिर प्रांगण में प्रसादी भंडारे का आयोजन रखा गया है।